मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 34
मंगलवार, 12 अगस्त 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## एसआईआर और 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी मार्च

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के विपक्षी दलों के सांसदों ने सोमवार को संसद भवन स्थित मकर द्वार से दिल्ली के निर्वाचन सदन स्थित चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकाला। यह मार्च सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ और ट्रांसपोर्ट भवन होते हुए आगे बढ़ा। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने बताया कि इंडिया ब्लॉक द्वारा आयोजित इस मार्च के लिए अभी तक कोई अनुमति नहीं ली गई है। दिल्ली पुलिस ने चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों के विरोध में संसद से भारत के चुनाव आयोग तक मार्च कर रहे इंडिया ब्लॉक के नेताओं को रोक दिया। इससे पहले बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करते हुए और 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदाता धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए, चुनाव आयोग तक मार्च करने के लिए इंडिया ब्लॉक के नेता संसद के मकर द्वार पर एकत्र हुए। एसआईआर विवाद पर विपक्ष के हंगामे और संसदीय चर्चा की माँग के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, इंडिया ब्लॉक के सांसदों द्वारा



संसद से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकालने की योजना के चलते परिवहन भवन के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी और बैरिकेड्स लगा दिए गए थे। यह विरोध प्रदर्शन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्ष द्वारा मतदाता धोखाधड़ी कहे जाने वाले मुद्दे पर केंद्रित है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि अगर आप जगह का बहाना बनाकर सांसदों से नहीं मिल सकते, तो ये अपने आप में एक टिप्पणी है कि आप किस तरह का काम कर रहे हैं... ये धोखाधड़ी है; आप वगीर्कृत डेटा उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद आपकी (चुनाव आयोग की) ज़िद नहीं जा रही है। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि हमारे लोकतंत्र पर सवाल उठ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, न सिर्फ. वोटों की चोरी हुई, बल्कि बूथ कैप्चरिंग भी हुई। चुनाव आयोग ने उन अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जो राज्य सरकार के आदेश पर काम कर रहे थे। वहीं, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्ष ने तमाशा किया और सदन नहीं चलने दिया। अब ये लोग तमाशा मार्च निकालने जा रहे हैं। इस तमाशा मार्च से उन्हें जनता से सिर्फ. निराशा ही हाथ लगेगी।

## संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा इंडिया गुट: मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** विपक्षी इंडिया गुट ने आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संभावित नामों पर चर्चा करने और आम सहमति बनाने के लिए सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। गुट के सूत्रों का कहना है कि एक मजबूत राय है कि परिणाम चाहे जो भी हो, एक ठोस राजनीतिक संदेश देने के लिए उन्हें चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटना चाहिए। हालाँकि अभी तक कोई व्यवस्थित चर्चा नहीं हुई है, लेकिन सहयोगियों के बीच गुप्त बातचीत चल रही है।

हालाँकि अधिकांश सदस्य एकजुट मोर्चा बनाने पर सहमत हैं, लेकिन विपक्षी खेमे के कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा द्वारा अपने उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही अपने उम्मीदवार की घोषणा करना बुद्धिमानी होगी। यह कदम भारतीय ब्लॉक पार्टियों के बीच एक नए सिरे से एकजुटता के प्रदर्शन के बीच उठाया गया है, जिन्होंने हाल ही में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने और भाजपा-चुनाव आयोग के वोट चोरी मॉडल का विरोध करने का संकल्प लिया है। गुरुवार को, 25 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने राहुल गांधी द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में भाग लिया। यह जून 2024 के बाद से उनकी पहली व्यक्तिगत बैठक थी, जब



वे लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर मिले थे। बैठक में, गांधी ने बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में हेराफेरी के अपने दावों को रेखांकित करते हुए एक प्रस्तुति दी। उपस्थित लोगों में सोनिया गांधी, एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, एसपी के अखिलेश यादव, आरजेडी के तेजस्वी यादव, टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, डीएमके के तिरुचि शिवा और टीआर बालू, सीपीआई (एम) के एम ए बेबी, सीपीआई के डी राजा, सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य और एमएनएम प्रमुख कमल हासन शामिल थे।

## कुछ लोगों को 'कोसी' में बिहार चुनाव दिखेगा: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 11 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की तीव्र कमी को दूर करना और ऊर्ध्वाधर आवास प्रारूप में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल आवास प्रदान करना है। उद्घाटन के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया, निर्माण कार्य में शामिल श्रमजीवियों से बातचीत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस दौरान मोदी ने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले मैंने कर्तव्य पथ ओर सामान्य केंद्रीय सचिवालय यानी कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया था। आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए



इस रिहायशी कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इन 4 टावर्स के नाम भी बहुत सुंदर हैं। कृष्णा, गोदावरी, कोसी, हुगली, भारत की चार महान नदियां, जो करोड़ों लोगों को जीवन देती हैं। अब उनकी प्रेरणा से हमारे जन प्रतिनिधियों के जीवन में भी आनंद की नई धारा बहेगी।

विपक्ष पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को परेशानी भी होगी। कोसी नदी पर नाम रखा है, तो उनको कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव नजर आएगा। ऐसे छोटे मन के लोगों के मन की परेशानियां भी दिखेंगी। नदियों के नामों की परंपरा देश की एकता के सूत्र में हमें बांधती है।

उन्होंने कहा कि हमारे सांसद साथी जिस नए आवास में प्रवेश करेंगे, अभी मुझे उसका एक नमूना फ्लैट देखने का भी मौका मिला। मुझे पुराने सांसद आवासों को देखने का मौका भी मिलता रहा है। पुराने आवास जिस तरह बदहाली का शिकार होते थे, सांसदों को जिस तरह आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए आवासों में गृह प्रवेश के बाद उनसे मुक्ति मिलेगी। सांसद साथी अपनी समस्याओं से मुक्त रहेंगे, तो वो अपना समय और अपनी ऊर्जा और बेहतर तरीके से जनता की समस्याओं के समाधान में लगा पाएंगे।

## 257वें दिन गरजा बिजली मोर्चा: निजीकरण से जनता पिसी, निगम कंगाल

**◆सांसद - विधायकों को पत्र भेजकर ग्रेटर नोएडा और आगरा की बिजली व्यवस्था सरकारी क्षेत्र में लौटाने की मांग**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले निजीकरण के विरोध में चल रहा आंदोलन मंगलवार को 257वें दिन भी तेज रहा। बनारस के सभी बिजली कार्यालयों पर कर्मचारियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने प्रदेश के सभी सांसदों और विधायकों को पत्र भेजकर कहा है कि निजीकरण का विफल प्रयोग उत्तर प्रदेश की गरीब जनता पर न थोपा जाए। साथ ही ग्रेटर नोएडा




और आगरा की बिजली वितरण व्यवस्था को तत्काल पावर कारपोरेशन के अधीन लेने की मांग की गई है। समिति ने आरोप लगाया कि वर्ष 2010 से 2024 तक पावर कारपोरेशन ने महंगी दर से बिजली खरीदकर टोरेंट पावर को सस्ती दर पर दी, जिससे 2,434 करोड़ का सीधा नुकसान हुआ। सिर्फ 2023द24 में ही निगम को 274 करोड़ का घाटा हुआ, जबकि टोरेंट पावर ने करीब 800 करोड़ का मुनाफा कमाया। इतना ही नहीं, 2010 में आगरा में बिजली राजस्व का 2,200 करोड़ रुपये बकाया था, जिसे समझौते के तहत टोरेंट पावर को वसूलकर पावर कारपोरेशन को देना था। 15 साल में एक पैसा भी नहीं लौटाया गया।

ग्रेटर नोएडा में निजी कंपनी एनपीसीएल घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को तय शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं देती। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में वितरण लाइसेंस रद्द कराने के लिए मुकदमा लड़ रही है। समिति ने उदाहरण देते हुए बताया कि उड़ीसा में तीसरी बार निजीकरण असफल हुआ है और 15 अगस्त के बाद वहां टाटा पावर के खिलाफ जनसुनवाई होनी है। उज्जैन, सागर, ग्वालियर, रांची, जमशेदपुर, औरंगाबाद, नागपुर, जलगांव, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और गया में भी अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी समाप्त करनी पड़ी।

**मांगः** समिति ने सांसदों और विधायकों से अपील की कि वे अपने पद का सदुपयोग करते हुए पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त कराने की पहल करें। सभा को ई. मायाशंकर तिवारी, अंकुर पांडेय, ई. एस.के. सिंह, ई. नीरज बिंद, ई. विकास कुशवाहा, ई. अमर पटेल, मदन श्रीवास्तव, मनीष यादव, देवेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, एस.के. भूषण, रंजीत पटेल, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, शिवनारायण सिंह और राहुल कुमार ने संबोधित किया।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र को प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरीः मायावती

**लखनऊ, 11 अगस्त।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र को प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटूता आदि को त्याग कर आगे बढ़ना होगा।



उन्होंने कहा, इसके अलावा, संसद का जो अभी मानसून सत्र चल रहा है उसके भी पूरी तरह शान्तिपूर्ण तरीके से नहीं चलने से वह जन अपेक्षा के अनुसार सही से कार्य नहीं कर पा रहा है। इस कारण जनता व देश के ज्वलंत मुद्दों पर पूरी गंभीरता से चर्चा नहीं हो पाने से लोगों में चिन्ता स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की जरूरत है, क्योंकि यह देश के अच्छे दिन से जुड़ा देशहित का खास मुद्दा है उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हल्के में लेकर देश के भविष्य को दाव पर नहीं लगाया जा सकता है और सरकार व विपक्ष दोनों इस पर उचित व समुचित ध्यान दें। बसपा नेता ने कहा, साथ ही, चाहे वोटर व वोटर सूची तथा उसके पुरीक्षण एवं ईवीएम आदि से संबंधित देश, जनहित एवं लोकतंत्र से जुड़े मामलों में जो किस्म-किस्म की बातें देश में हो रही हैं उन संदेहों को अवश्य ही यथाशीघ्र दूर किया जाए तो यह बेहतर होगा। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज सोमवार से शुरू हो रहा है।

## होशियारपुर में कार में दो लोग मृत पाए गए

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर के एक गांव में सरकारी स्कूल के पास खड़ी कार में एक महिला सहित दो लोग मृत पाए गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों की शिनाख्त पदराना गांव निवासी दलबीर सिंह और रजनी देवी के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि गढ़शंकर पुलिस को रविवार देर रात सूचना मिली कि सतनौर गांव में सरकारी प्राथमिक स्कूल के पास खाली जगह में एक कार खड़ी है, जिसके अंदर दो शव हैं।






अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त 2025 पर विशेष

# युवाः वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक



-ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल भविष्य के नेता कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं, दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निमार्ताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है। स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निमार्ता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा विजनरी होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रच्छन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।

युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृआप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है। युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए।

युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक सरवाइविंग द फ्यूचर में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना। उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है। एथेंस के शासकों को सुकरात का इसलिए भय था कि वह नवयुवकों के दिमाग में अच्छे विचारों के बीज बोने की क्षमता रखता था। आज की युवापीढ़ी में उर्वर दिमागों की कमी नहीं है मगर उनके दिलो दिमाग में विचारों के बीज पल्लवित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द और सुकरात जैसे लोग दिनोंदिन घटते जा रहे हैं। कला, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में भी ऐसे कितने लोग हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं? हेनरी मिलर ने एक बार कहा था- मैं जमीन से उगने वाले हर तिनके को नमन करता हूं। इसी प्रकार मुझे हर नवयुवक में वट वृक्ष बनने की क्षमता नजर आती है। महादेवी वर्मा ने भी कहा है बलवान राष्ट्र वही होता है जिसकी तरुणाई सबल होती है। इसीलिये युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि वह युवा दिवस पर कोई ऐसी क्रांति घटित करे, जिससे युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन आ सके, हिंसा-आतंक-विध्वंस की राह को छोड़कर वे निर्माण की नयी पगडंडियों पर अग्रसर हो सके।

# कर्णाटक के उपमुख्यमंत्री के बारे में उठती अफवाहे क्या है?



अशोक भाटिया

हाल ही में कांग्रेस के राज वाले कर्नाटक से आई एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन करने गए थे. वहां मंच पर उनके बगल में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बैठे थे. कई बार ऐसा मौका आया जब डीके शिवकुमार पीएम मोदी के कानों में कुछ खुसुर-फुसुर करते देखे गए. वह बेंगलुरु के इंचार्ज मिनिस्टर भी हैं तो हो सकता है कि शहर का मास्टर प्लान दिखा या बता रहे हों. लेकिन सोशल मीडिया पर यह तस्वीर कुछ अलग एंगल से शेयर की जाने लगी.

खैर, मुस्कुराते हुए डीके शिवकुमार ने आज मंच पर पीएम को गणेश भगवान की मूर्ति दी. यह औपचारिक प्रोटोकॉल होता है लेकिन आम लोगों को दोनों नेताओं की गर्मजोशी कुछ अलग ही दिख रही है. दोनों के सिर मिलाकर बतियाने की तस्वीर के साथ कई लोगों ने लिखा है कि यह तस्वीर कांग्रेसियों को खूब चुभ रही होगी. एक यूजर ने तो लिख दिया- ठीद्द उट छ्ड्ढ्ढल्लॅ. ये सब डीके शिवकुमार के इस पोस्ट के नीचे लिखा गया.

डीके ने पीएम के साथ का यह वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करते हुए गर्व महसूस हुआ. हमने बेंगलुरु मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी. यह 15,610 करोड़ से अधिक की एक परिवर्तनकारी परियोजना है. बेंगलुरु के प्रभारी मंत्री के रूप में, मेरी प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करना है कि हमारे शहर को वह बुनियादी ढांचा मिले जिसका वह हकदार है. मैंने एक मेमोरेंडम पेश किया और प्रधानमंत्री से उन प्रमुख परियोजनाओं के लिए फंड और अनुमोदन का आग्रह किया जो बेंगलुरु को भविष्य का भारत बनाने के लिए ताकत प्रदान करेंगी.

कुछ लोगों ने यह भी लिखना शुरू कर दिया कि आपको सम्मान महसूस हो रहा है लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तरफ जरा देख लीजिए. आप कांग्रेस छोड़ दीजिए. प्रतीक ने लिखा, 'डीके शिवकुमार इंतजार कर रहे हैं. वह सही समय जानते हैं.' लोगों का मत है कि कुछ ऐसा ही एमपी में सिंधिया और असम में हिमंता बिस्वा सरमा के साथ भी हुआ था. ये दोनों कांग्रेस के दिग्गज नेता थे लेकिन बाद में भाजपा में आ गए. राजस्थान की कड़वाहट भी किसी से छिपी नहीं है. खैर, ये सब अभी चर्चाएं ही हैं.

इसके पहले कर्नाटक कांग्रेस विधायक एचए इकबाल हुसैन ने 29 जून, 2025 को दावा किया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को अगले दो से तीन महीनों के भीतर राज्य का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिल सकता है।श्री शिवकुमार के करीबी माने जाने वाले विधायक की यह टिप्पणी इस वर्ष के अंत में कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की नई अटकलों के बीच आई है।सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना के हालिया बयान के बाद यह चर्चा फिर से शुरू हो गई है, जिसमें उन्होंने सितंबर के बाद राज्य में ₹क्रांतिकारी₹ राजनीतिक घटनाक्रम का संकेत दिया है।₹आप सभी जानते हैं कि इस सरकार के सत्ता में आने से पहले हमारी [कांग्रेस] ताकत क्या थी। हर कोई जानता है कि इस जीत को हासिल करने के लिए किसने संघर्ष, पसीना, मेहनत और लगन लगाई। उनकी [शिवकुमार की] रणनीति और कार्यक्रम अब इतिहास बन चुके हैं,₹ श्री हुसैन ने रामनगर में पत्रकारों से कहा, जब उनसे पूछा गया कि क्या श्री शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की संभावना थी।उन्होंने कहा था कि मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता। हमें पूरा विश्वास है कि आलाकमान स्थिति से अवगत है और उन्हें अवसर देने के लिए सही समय पर उचित निर्णय लेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या शिवकुमार, जो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, इस साल मुख्यमंत्री बनेंगे, तो हुसैन ने जवाब दिया, ₹हाँ, मैं कह रहा हूँ। कुछ नेता सितंबर के बाद क्रांतिकारी राजनीतिक घटनाक्रमों के लिए जिस तारीख का संकेत दे रहे हैं—वे उसी की बात कर रहे हैं। दो-तीन महीनों में फैसला हो जाएगा।₹ आगे जोर देने पर उन्होंने दोहराया, ₹मैं यही कह रहा हूँ। मैं गोल-मोल बातें नहीं कर रहा; मैं सीधे बोल रहा हूँ।₹ जब उनसे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे और कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया द्वारा मुख्यमंत्री परिवर्तन को महज अटकलें बताकर खारिज करने के बारे में पूछा गया, तो श्री हुसैन ने कहा कि कांग्रेस लाकमान ने 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बनाने का फैसला किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि उस समय हम सब दिल्ली में एक साथ थे। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने फैसला लिया। यह बात सभी जानते हैं। अगला फैसला भी वही लेंगे - हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।सत्तारूढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें पिछले कुछ समय से चल रही थीं, जो श्री सिद्धारमैया और श्री शिवकुमार के बीच कथित सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ी थीं। पार्टी आलाकमान के कड़े निर्देशों के बाद ऐसी अटकलें शांत हो गईं। दरअसल मई 2023 में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, सीएम पद के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस शिवकुमार को डिप्टी सीएम पद स्वीकार करने के लिए मनाने में कामयाब रही। उस समय की रिपोर्टों ने एक घूर्णी सीएम फॉर्मूला का सुझाव दिया, जिसमें शिवकुमार ढाई साल बाद पदभार संभालने के लिए तैयार थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि कभी नहीं हुई थी।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से भी जब ने भी अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं के बारे में पूछे गए सवालों का सधा हुआ जवाब दिया, तथा अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में अटकलों की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया।शिवकुमार ने पत्रकारों से कहा, ₹भले ही कोशिशें नाकाम हों, लेकिन प्रार्थनाएँ कभी बेकार नहीं जातीं। मैंने जो चाहा है, उसके लिए प्रार्थना की है। यह राजनीतिक चर्चा का स्थान नहीं है, राज्य का भला होने दीजिए। उन्होंने अपनी मंशा के बारे में पूछे गए सवालों का सीधा जवाब देने से सावधानीपूर्वक परहेज किया।उनकी टिप्पणियों ने वर्तमान अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि वे महत्वाकांक्षा और निष्ठा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

शिवकुमार की यह टिप्पणी राजनीतिक हलकों में उनके मुख्यमंत्री बनने की लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षा के बारे में चल रही चर्चाओं के बीच आई है, खासकर तब जब कर्नाटक कांग्रेस की आंतरिक गतिशीलता लगातार जांच के घेरे में है।शिवकुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने हमें मार्गदर्शन दिया है और अपना संदेश दिया है। हम उनकी सलाह मानेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे। यह टिप्पणी शिवकुमार के उस लगातार सार्वजनिक रुख को दशार्ती है कि आलाकमान जो भी फैसला लेगा, वह उसका पालन करेंगे।

30 जून को, जब कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के बारे में पूछा गया, तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, यह पार्टी आलाकमान के हाथ में है। कोई नहीं कह सकता कि आलाकमान में क्या चल रहा है। यह आलाकमान पर छोड़ दिया गया है और उन्हें आगे की कार्रवाई करने का अधिकार है, लेकिन किसी को भी बेवजह समस्याएँ पैदा नहीं करनी चाहिए। पिछले हफ़्ते शिवकुमार के बयानों में वफादारी दिखाने और लोगों को नेतृत्व में अपनी रुचि की याद दिलाने के बीच बदलाव आया है। 1 जुलाई को उन्होंने इंडिया टुडे से कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने की कोई आकांक्षा नहीं है और उनका ध्यान 2028 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को मजबूत करने पर है।

उन्होंने कहा, अनुशासन कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब उनसे विधायकों द्वारा सार्वजनिक रूप से उन्हें शीर्ष पद के लिए समर्थन दिए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे किसी का समर्थन नहीं चाहिए। मैं अभी मुख्यमंत्री पद का इच्छुक नहीं हूँ। मेरी आकांक्षा 2028 में कांग्रेस को सत्ता में देखना है। यही मेरी प्राथमिकता है।

हालांकि, एक दिन बाद 2 जुलाई को, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह पूरे पाँच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, तो शिवकुमार ने कहा, ₹मेरे पास जो विकल्प है, मुझे उनके साथ खड़ा होना होगा, उनका समर्थन करना होगा। आलाकमान जो भी कहेगा, मुझे वही करना होगा। हालांकि कांग्रेस के राज्य प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने स्पष्ट किया है कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होने वाला है , लेकिन शिवकुमार की जानबूझकर की गई अस्पष्टता संयम की रणनीति का संकेत देती है, जो टकराव से बचने के साथ-साथ निरंतर इरादे का संकेत देती रहती है।

# प्रौद्योगिकी और समानता के संगम पर भविष्य का निर्माण



-सुरेश गांधी

भारत आज 21वीं सदी के उस मोड़ पर खड़ा है जहां अगली दो से ढाई दशकों में उसका भविष्य तय होगा। 2047 - आजादी का शताब्दी वर्ष, सिर्फ.कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक अवसर है। यह वह साल होगा जब हम यह तय कर चुके होंगे कि हम सिर्फ. एक ह्लतेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाह्व हैं, या एक विकसित, समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र। विकास का अर्थ केवल ऊंची इमारतें, चैड़ी सड़कें और तेज जीडीपी वृद्धि दर नहीं है। असली विकास तब है, जब तकनीकी प्रगति से लेकर सामाजिक समानता तक हर नागरिक की गरिमा सुरक्षित हो, हर गांव तक अवसर पहुंचे, और हर हाथ में उम्मीद हो। मतलब साफ है भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना केवल आर्थिक आंकड़ों या भव्य बुनियादी ढांचे से पूरा नहीं होगा। इसके लिए आवश्यक है कि प्रगति की नींव प्रौद्योगिकी और सामाजिक समानता के मजबूत स्तंभों पर रखी जाए। आज के युग में प्रौद्योगिकी ही विकास का सबसे बड़ा उत्प्रेरक है।

यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनना है तो प्रौद्योगिकी को आधारशिला बनाना ही होगा। हमें एक ऐसा डिजिटल बुनियादी ढांचा चाहिए जो न केवल शहरों, बल्कि गांवों तक समान रूप से पहुंचे। 5जी और आगामी 6जी नेटवर्क, हाई-स्पीड इंटरनेट और सैटेलाइट कनेक्टिविटी को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्मार्ट सिटी मिशन को केवल महानगरों तक सीमित न रखकर, टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी लागू करना होगा, ताकि शहरी सुविधाओं और अवसरों का समान वितरण हो। ऑटोमेशन और डिजिटल बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचेन, बिग डेटा, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) को प्रशासन, उद्योगों, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े पैमाने पर लागू करना होगा। जैसे एआई आधारित फसल पूवार्नुमान किसानों को समय पर सही जानकारी दे सकता है। ब्लॉकचेन आधारित रिकॉर्ड-कीपिंग से भूमि विवाद और भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है। आईओटी सेंसर से जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सकता है।

प्रौद्योगिकी का उपयोग केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित न होकर, भ्रष्टाचार उन्मूलन, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी बढ़ाने का साधन भी बने। ई-गवर्नेंस, डिजिटल भुगतान, टेलीमेडिसिन और एआई आधारित स्वास्थ्य निदान जैसी सेवाएं गांव-गांव तक पहुंचे। डिजिटल डिवाइड, साइबर सुरक्षा खतरे, और डेटा गोपनीयता के मुद्दों पर ठोस नीति और नियामक ढांचा तैयार हो। सरकारी और निजी क्षेत्रों में हर दो साल में प्रोफेशनल दक्षता व जवाबदेही प्रशिक्षण अनिवार्य हो, ताकि कार्यकुशलता बनी रहे और ह्लकोई भी व्यक्ति देश और संविधान से ऊपर नहींह्व का सिद्धांत व्यावहारिक रूप से लागू हो। यानी सरकार और प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए ई-गवर्नेंस को अगली पीढ़ी के स्तर पर ले जाना होगा। सभी सरकारी सेवाएं और दस्तावेज 100 फीसदी डिजिटल और ब्लॉकचेन-संरक्षित हों। भ्रष्टाचार और फाइलों में देरी रोकने के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम अपनाया जाए। नागरिक शिकायत निवारण के लिए एआई चैटबॉट्स और वॉइस-आधारित सेवा प्लेटफॉर्म विकसित हों, ताकि साक्षरता की कमी भी बाधा न बने। हर सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी के लिए, हर 2 साल में दक्षता और जवाबदेही की ट्रेनिंग अनिवार्य हो। यह स्पष्ट रूप से सिद्धांत बन जाए कि ह्लकोई भी व्यक्ति, संस्था या पद संविधान और देश से ऊपर नहींह्व।

हमारी तकनीकी प्रगति तभी सार्थक होगी जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। खतरनाक कार्यों, जैसे सीवर की सफाई, को पूरी तरह मशीन आधारित बनाया जाए, ताकि किसी की जान जोखिम में न पड़े। हाथ से और दिमाग से काम करने वालों के वेतन में अत्यधिक अंतर को कम किया जाए। यह न केवल आर्थिक न्याय होगा, बल्कि जातिगत और वर्गीय विभाजन को भी कमजोर करेगा। दलित, आदिवासी और वंचित समाज को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं। क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट जैसी अमानवीय अवधारणाओं का इतिहास के पन्नों से पूर्ण अंत हो। आज जब मशीनें जटिल सर्जरी कर सकती हैं, तो यह शर्मनाक है कि सीवर सफाई जैसे काम में अब भी इंसानों की जान जाती है। प्रौद्योगिकी वही श्रेष्ठ है जो इंसान की गरिमा बचाए। ारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा जनसंख्या है, 15 से 25 वर्ष के 25 करोड़ से अधिक युवा। इन युवाओं को डिजिटल कौशल, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार के लिए प्रशिक्षित किया जाए। गांव-गांव डिजिटल स्टार्टअप हब और इनक्यूबेशन सेंटर बनें। ई-कॉमर्स, हेल्थटेक, एग्रीटेक, फिनटेक, एडटेक और ग्रीनटेक भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के नए इंजन बनें। शुरूआती उद्यमों के लिए कर-छूट, सरल लाइसेंसिंग और फंडिंग की सुविधा। महिला उद्यमियों और ग्रामीण युवाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन। हालांकि भारत के डिजिटल भविष्य के रास्ते में कई बड़ी चुनौतियां हैं...

1. डिजिटल डिवाइडः गांव-शहर के बीच इंटरनेट पहुंच और डिजिटल साक्षरता का अंतर खत्म करना होगा।

2. साइबर सुरक्षाः डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ेंगे, इसके लिए सख्त साइबर सुरक्षा नीति और विशेषज्ञ बल जरूरी है।

3. डेटा गोपनीयताः नागरिकों की निजी जानकारी का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े डेटा प्रोटेक्शन कानून की जरूरत।

4. नौकरी विस्थापनः ऑटोमेशन और एआई के कारण कुछ नौकरियां खत्म होंगी, इसके लिए पुनः कौशल प्रशिक्षण (रिसाइकिलिंग) की राष्ट्रीय योजना होनी चाहिए।

डिजिटल भारत से विकसित भारत

तकः 2047 का संकल्प

विकसित भारत का अर्थ केवल जीडीपी वृद्धि नहीं, बल्कि मानव गरिमा की रक्षा है। खतरनाक और अस्वास्थ्यकर कार्य जैसे सीवर की सफाई, मशीनों द्वारा हो, ताकि किसी की जान जोखिम में न पड़े। हाथ और दिमाग से काम करने वालों के वेतन में अत्यधिक अंतर को कम किया जाए, जिससे जातिगत व आर्थिक विभाजन कमजोर हो। दलित, आदिवासी और हाशिए के समाजों को शिक्षा व रोजगार में बराबरी का अवसर मिले। क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट जैसी अमानवीय धारणाओं और भेदभावपूर्ण कानूनों का पूर्ण अंत हो।

स्मार्ट शहरों से स्मार्ट समाज तक,

विकास का असली चेहरा

भारत के पास 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 25 करोड़ से अधिक युवा हैंकृये ही डिजिटल अर्थव्यवस्था के इंजन बन सकते हैं। गांव से लेकर शहर तक स्टार्टअप हब और डिजिटल लीडरशिप नेटवर्क का निर्माण हो। ई-कॉमर्स, डिजिटल फिटनेस, फिनटेक और हेल्थटेक जैसे क्षेत्र भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बना सकते हैं। किसी आदिवासी महिला की मेहनत से बना विश्वविद्यालय उसकी संतान के लिए भी खुला हो। पंक्ति में खड़ा अंतिम व्यक्ति भी महसूस करे कि ह्लयह देश मेरा है।ह्व किसी भी स्तर पर शिक्षा, रोजगार या अवसरों में भेदभाव न हो। गांधी और अंबेडकर के सपनों का भारत, जो समानता, गरिमा और प्रगति के तीन स्तंभों पर खड़ा हो।

युवा शक्ति, नवाचार और पारदर्शी

शासन, प्रगति के तीन स्तंभ

भारत के लिए 2047 का लक्ष्य सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि तकनीकी शक्ति और सामाजिक न्याय का संतुलित संगम है। 5जी, एआई, ब्लॉकचेन और स्मार्ट शहर जैसी पहलों से डिजिटल अर्थव्यवस्था को वैश्विक इंजन बनाया जा सकता है, लेकिन इसके साथ समान अवसर, पारदर्शी शासन और गरिमा-आधारित समाज भी जरूरी हैं। जब तक विकास की रोशनी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचेगी, तब तक ह्वविकसित भारतह्व का सपना अधूरा रहेगा।

समानता और तकनीक के मेल से

ही साकार होगा शताब्दी का सपना

भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना तभी पूरा होगा, जब तकनीकी क्रांति और सामाजिक समानता एक साथ आगे बढ़ें। 5ळ से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, और सीवर सफाई से लेकर स्टार्टअप संस्कृति तककृहर कदम पर यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

गांधी और अंबेडकर के सपनों का भारत,

जहां अवसर और गरिमा साथ-साथ हों

विकसित भारत का सपना 5जी टावरों और एआई लैब में नहीं, बल्कि उस आखिरी नागरिक की आँखों में चमक से पूरा होगा जिसे विकास का हक अब तक नहीं मिला। तकनीक, पारदर्शिता और बराबरी, तीनों का संगम ही 2047 के भारत की पहचान बनेगा। वरना चमकते स्मार्ट शहरों के बीच अंधेरे गाँव और बिखरे सपने हमें याद दिलाते रहेंगे कि सफर अधूरा है।

**शताब्दी वर्ष 2027 में हम ऐसा भारत देखना चाहते हैं, जहां पंक्ति में खड़ा अंतिम व्यक्ति भी कह सके, ह्लयह देश मेरा है, मेरी आवाज यहां सुनी जाती है ह्व जहां किसी भी जाति, वर्ग, लिंग या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव न हो। जहां किसान, मजदूर, वैज्ञानिक और उद्यमीकृसभी को बराबरी का सम्मान और अवसर मिले। गांधी का ह्लगांव-गांव स्वराजह्व और अंबेडकर का ह्लसमानता का भारतह्व, दोनों सपने एक साथ पूरे हों। मतलब साफ है भारत को 2047 तक विकसित बनाने का मार्ग केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं, बल्कि तकनीकी उत्कृष्टता और सामाजिक न्याय के संगम से होकर गुजरता है। हमें यह समझना होगा कि असली विकास वही है जो हर नागरिक को अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करे। यदि हम आज यह दिशा तय कर लें, तो 2047 का भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति होगा, बल्कि मानव गरिमा और समानता का वैश्विक प्रतीक भी बनेगा। कहा जा सकता है वर्ष 2047 का भारत तभी साकार होगा जब तकनीकी प्रगति और सामाजिक समानता साथ-साथ बढ़ें। हमें यह याद रखना होगा कि असली विकास वही है जो हर नागरिक को अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करे। प्रौद्योगिकी केवल तब महान है जब वह इंसान की गरिमा को बनाए रखे और यही वह आधार है, जिस पर विकसित भारत का सपना हकीकत में बदलेगा**

# पीएम मोदी के साथ आजाद भारत की महिलाओं की भूमिकाः रंजू झा



आजाद भारत में महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाई है, जैसे कि राजनीतिः महिलाएं राजनीति में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और विभिन्न पदों पर आसीन हैं। शिक्षाः महिलाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समाज में जागरूकता फैलाने का काम किया है। सामाजिक कार्यः महिलाएं सामाजिक कार्य में भी सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद कर रही हैं। आजाद भारत में महिलाओं को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, आजाद भारत में महिलाओं के लिए कई अवसर भी हैं। जिसमें शिक्षा और रोजगारः महिलाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। राजनीति और नेतृत्वः महिलाएं राजनीति और नेतृत्व में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

आजाद भारत में महिलाओं की आजादी एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका को समझने की कोशिश की जाती है। महिलाओं को समाज में बराबरी का अधिकार दिलाने और उनकी भूमिका को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एक सरकारी योजना है जो गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत, पात्र महिलाओं को 5,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है, जो तीन किस्तों में प्रदान की जाती है।

गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना। मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अलावा अन्य योजनाएंः निक्षय पोषण योजनाः गंभीर बीमारी के इलाज के लिए पैसे प्रदान करती है। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजनाः गर्भवती महिलाओं और उनके नवजात शिशुओं की मदद करने के लिए शुरू की गई है। जननी सुरक्षा योजनाः गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रः सस्ते दामों पर दवाइयां उपलब्ध कराती है। मोदी सरकार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, और सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।

महिला मंत्रियों की भूमिका

निर्मला सीतारमणः वित्त मंत्री और एक प्रमुख महिला नेता।

स्मृति ईरानीः महिला और बाल विकास मंत्री रह चुकी हैं और एक प्रमुख महिला राजनीतिज्ञ हैं।

नजमा हेपतुल्लाः अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री रह चुकी हैं और मणिपुर की गवर्नर भी रहीं हैं।

महिलाओं के लिए सरकारी योजनाएं

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाः गरीब परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाः बालिका लिंग अनुपात में गिरावट रोकने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

महिला शक्ति केंद्र योजनाः महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता का अनुभव कराने के लिए काम करती है।

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजनाः गर्भवती महिलाओं और उनके नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए शुरू की गई है। स्त्री शक्ति योजनाः महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए ऋण प्रदान करती है।

उपराष्ट्रपति चुनाव में महिला उम्मीदवार

हाल ही में खबरें आई हैं कि एनडीए उपराष्ट्रपति पद के लिए महिला उम्मीदवार को चुन सकती है, जिससे महिला सशक्तिकरण का एक और बड़ा संदेश होगा। इन योजनाओं और पहलों के माध्यम से, मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी भूमिका को मजबूत करने के लिए काम कर रही है।

